स्वयं को गोली मारने वाला आरोपी रूद्रेश की जगह निकला प्रीतम गोस्वामी

■ रूद्रेश के परिजनों के शिनाख्त के बाद हुआ खुलासा

कोटा, (निसं)। बोरखेडा थाना इलाके के नयानोहरा में रविवार को पुलिस घेराबंदी को देखकर स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या करने वाला आरोपी रूद्रेश उर्फ आरडीएक्स के मामले में नया मोड सामने आया स्वयं को गोली मारकर सुसाईड करने वाला रूद्रेश की जगह निकला उसका दोस्त प्रीतम गोस्वामी उर्फ टीटी। जिसका खुलासा सोमवार सुबह रूद्रेश उर्फ आरडीएक्स के परिजनों ने मृतक के शव को देखकर किया।

मामले की जानकारी मिलते ही शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी सहित कई पुलिस उपअधीक्षक व कई थानाधिकारी एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम के बाहर पहुंचे। गोली मारकर सुसाईड करने के मामले में प्रीतम गोस्वामी उर्फ टीटी का नाम सामने आने के बाद पुलिस ने मृतक प्रीतम गोस्वामी के परिजनों को अस्पताल बुलाया और मृतक के शव की शिनाख्त कराई जिसके बाद परिजनों ने मृतक के शव की शिनाख्त प्रीतम गोस्वामी उर्फ टीटी के रूप में की। वहीं मामले मे एतिहात के तौर पर पुलिस का अतिरिक्त जाप्ता मोर्चेरी के बाहर तैनात किया गया। शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कि मृतक प्रीतम गोस्वामी उर्फ टीटी भी महावीर नगर गोलीकांड में आरोपी है। मृतक आरोपी के खिलाफ भी लूट, जानलेवा हमला, हत्या का प्रयास सहित अन्य कई धाराओं में कई थानों में 15-16 मामले दर्ज है। मृतक आरोपी केशवरायपाटन क्षेत्र का निवासी है। शहर एएसपी ने कहा कि महावीर नगर जीएडी सर्किल में हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने रविवार को बोरखेडा के नयानोहरा में आरोपी रूद्रेश की लोकेशन मिलने पर दबिश दी थी। मामले में सामने आया कि घटनाक्रम के समय आरडीएक्स के साथ प्रीतम गोस्वामी भी उस मकान में मौजूद था। पुलिस को देखकर आरडीएक्स तो मौके से फरार हो गया। लेकिन प्रीतम के पैर में रॉड पड़ी हुई थी। जिससे वह भागने में असमर्थ था। एडीशनल एसपी ने बताया कि मृतक के पास से दो दस्तावेज मिले थे। एक आरडीएक्स का था और दूसरा प्रीतम गोस्वामी का लेकिन घटनास्थल के बाहर जो गाड़ी और बाईक की चाबी मिली वो आरडीएक्स की थी। शहर एएसपी ने कहा कि गोली लगने से चेहरे की पहचान नही हो पाई लेकिन मृतक की कद काठी देखकर परिजनों ने उसकी पहचान रविवार रात्रि को रूद्रेश उर्फ आरडीएक्स के रूप मे की थी, लेकिन परिजनो ने बताया कि रात्रि को उनकी आरडीएक्स से बात हुई जिसके बाद सोमवार सुबह दोबारा मृतक के शव की शिनाख्त कराई गई तो उसकी पहचान रूद्रेश के परिजनों ने उसके दोस्त प्रीतम गोस्वामी के रूप मे की। रूद्रेश के परिजन का कहना था कि दोनों की कद-काठी एक जैसी होने से रविवार रात्रि को सही शिनाख्त नही हो पाई और जब सोमवार को देखा तो शव पर एक टैटु बना था जो आरडीएक्स के शरीर पर टैटु नही था। यह टेटू प्रीतम गोस्वामी ने बनवाया था। शहर एएसपी ने बताया कि पुलिस ने पहले ही मृतक के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा दिया था वहीं मामला सामने आने के बाद मृतक प्रीतम के परिजन की तहरीर पर दोबारा कागज बनाये गये प्रीतम के परिजन ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की, मौके पर पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाईश के बाद परिजन शव को लेकर रवाना हो गये।

रूद्रेश की जगह मृतक प्रीतम गोस्वामी का नाम आने के बाद मोर्चरी के बाहर पहुंचे पुलिस के आला-अधिकारी।

कोटा में लगा रहा महा लोन मेला

कोटा, (निसं)। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा होम लोन एवं सोलर लोन मेला कोटा के श्री जाट समाज भवन, तलवंडी प्रांगण में 7 व 8 फरवरी 2025 को लगाया जाएगा। इसमें बैंक की विभिन्न स्कीमों के तहत लोन प्रदान किए जाएंगे। होम लोन के साथ-साथ कारोबार बढ़ाने के लिए भी बेहतरीन और फायदेमंद स्कीमों के साथ लोन दिया जाएगा। पीएनबी के मण्डल प्रमुख हनीफ मोहम्मद ने बताया कि महालोन मेले में हाऊसिंग लोन एवं सोलर लोन पर विशेष तौर पर ध्यान केंद्रित रहेगा। मौके पर ही ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 7 व 8 फरवरी को श्री जाट समाज भवन, तलवंडी प्रांगण में आयोजित होने वाले लोन मेले में होम लोन एवं सोलर लोन के साथ-साथ अन्य रिटेल लोन भी प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर अनेक बिल्डरों के साथ-साथ सोलर प्लेटों के डीलर भी इस मेले में शामिल होंगे। इस लोन मेले का लोगों को भरपूर फायदा होगा। लोग रियायती दरों पर सोलर प्लेटों के अलावा भूखण्ड एवं मकान भी खरीद सकेंगे।

संभागीय आयुक्त ने कार्यभार ग्रहण किया

कोटा, (निसं)। कोटा के नए संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। संभागीय आयुक्त के साथ ही कोटा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष का कार्यभार भी उन्होंने संभाला। कार्यभार ग्रहण के बाद मीडिया से चर्चा में उन्होंने कोटा संभाग को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने तथा कोटा को शिक्षा नगरी के रूप में मिली पहचान को कायम रखने के लिए जरूरी कदम उठाने के बारे में अपना विजन रखा। उन्होंने कहा कि कोटा में राईजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए एमओयू को धरातल पर लाने एवं निवेश के अनुकूल माहौल तैयार करने पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने सिचिंत क्षेत्र विकास के तहत प्रगतिरत परियोजनाओं को समय पर पूरा करने एवं आगे के लिए कार्य योजना तैयार करने की बात कही।

वर्ष पर्यंत चले रोड सेफ्टी अभियान तो दुर्घटनाओं में आएगी कमी : प्रेम भाटिया

कोटा, (निसं)। एक माह तक चले रोड सेफ्टी अभियान को लेकर कई संस्थानों की ओर से रक्तवीर एवं सड़क सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक करने वाले समाजसेवी भुवनेश गुप्ता का भाटिया कंपनी की ओर से सम्मान किया गया। भुवनेश गुप्ता द्वारा एक माह तक लगातार कई माध्यमों से रोड़ पर चलने के नियम, वर्तमान परिपेक्ष में बढ़ते हुए ट्रैफिक से हो रही दुर्घटनाओं से सवाचेत करने एवं प्रशासन के साथ मिलकर कई रैली, रक्तदान शिविर, नुक्कड़ नाटक, व्याख्यान एवं जागरूकता पोस्टर विमोचन सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, इन कार्यक्रमों के चलते कोटा शहर में कई लोगों ने रोड़ पर चलने के नियमों का पालन करने की शपथ ली साथ ही कई संस्थाओं के माध्यम से भी जन-जन को जागृत करने का महा अभियान चलाया गया।

इस महा अभियान से कई संस्थाएं और प्रेरित हुई ऐसे में भाटिया एंड कंपनी के निदेशक प्रेम भाटिया द्वारा भुवनेश गुप्ता का मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रेम भाटिया ने कहा कि यदि यह अभियान वर्ष पर्यंत चलता है तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं में कमी आएगी। आने वाले समय में भाटिया एंड कंपनी भी इस तरह के आयोजनों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए आमजन को जागरूक करेगी।

बसंत पंचमी उत्साह से मनाई

कोटा, (निसं)। माँ भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीबीएसई स्वामी विवेकानंद नगर में स्थित बसंत पंचमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रिंसिपल मोनिका मालिक द्वारा माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। तत्पश्चात हिंदी अध्यापिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना की गई। इसके अंतर्गत नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी पीली वेशभूषा में आए तथा पीले पकवान बनाकर लाएं। साथ ही अध्यापिकाओं द्वारा बसंत का महत्व बताते हुए अपने विचार प्रकट किया और विद्यार्थियों ने नृत्य गायन आदि की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इसी दौरान स्कूल प्रिंसिपल मोनिका मलिक ने बसंत पंचमी का महत्व बताते हुए कहा कि इस दिन माँ सरस्वती की विशेष पूजा करनी चाहिए जिससे हमारी बुद्धि निर्मल होती है और सकारात्मक सोच का विकास होता है। अंत में डायरेक्ट उर्वशी विजय ने सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

■ प्रवेश द्वार बंद होने के बाद नहीं मिलेगा किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश

कोटा, (निसं)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में 6 फरवरी से शुरू हो रही कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा की कोटा जिले में की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि किसी भी परीक्षा केन्द्र पर पेपरलीक, नकल या अन्य किसी अवांछित गतिविधि का पता चलते ही सबसे पहले इसकी सूचना राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को पहुंचनी चाहिऐं।

बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिये कि प्रवेश द्वार बंद होने के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाए।साथ ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश कर चुके अभ्यर्थी को परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी परिस्थिति में बाहर आने नहीं दिया जाऐं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि संदिग्ध गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बॉक्स खुला होने या पेपर वाले लिफाफे की सील खुली होने की शंका होने पर इसकी सूचना तुरंत बोर्ड कार्यालय को देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बॉक्स गाड़ी से उतारने के बाद सीधा प्रधानाचार्य के कक्ष में ऐसी जगह पर रखा जाए जो सीसीटीवी की लगातार निगरानी में हो। परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे से पहले बॉक्स नहीं खोला जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्राधीक्षक, अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक, पर्यवेक्षक एवं दो अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों की मौजूदगी में ही बॉक्स खोला जाए। पूरी प्रक्रिया वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी में रिकार्ड की जाएगी, ताकि किसी तरह की अनियमित्ता की आशंका नहीं रहे। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि आने वाले समय में पूरी परीक्षा का एआई विश्लेषण होगा। यदि किसी परीक्षा केन्द्र पर एक साथ कई अभ्यर्थी पास हो गए और किसी अन्य केन्द्र में सिर्फ दो ही अभ्यर्थी पास हुए हों ऐसी परिस्थिति में एआई विश्लेषण से किसी तरह की नकल अथवा अन्य अनियमितता पकड़ में आ जाएगी। बैठक में कोटा जिले के परीक्षा समन्वयक अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी ने भी कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा आयोजन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। परीक्षा के लिए नियुक्त उप समन्वयक दल प्रभारी, केन्द्राधीक्षक एवं पर्यवेक्षकों सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए। परीक्षा का आयोजन विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर 6,7,8,10,11 एवं 22 फरवरी 2025 को किया जायेगा। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज से सोमवार शाम को सर्किट हाऊस में विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने मुलाकात की। बोर्ड अध्यक्ष ने चयन बोर्ड द्वारा साफ-सुथरी परीक्षा प्रणाली एवं वास्तविक पात्र अभ्यर्थियों के चयन के लिए किए जा रहे नवाचारों और इसके लिए तकनीकी के सुदृढ़ उपयोग की जानकारी दी साथ ही अभ्यार्थियों के सुझाव और फीडबैक प्राप्त कर व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी और खामी रहित बनाने का भरोसा दिलाया। पशुधन सहायक परीक्षा में प्रश्न के बदलाव के कारण नौकरी से वंचित हुए युवाओं को विश्वास दिलाया कि उनके हितों के संरक्षण के लिए विचार-विमर्श कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

मामा पर फर्जी वसीयत बनाकर मां की संपत्ति हड़पने का आरोप

■ बूंदी पुलिस कर रही मामले की जांच

कोटा, (निसं)। एक महिला ने अपने मामा पर फर्जीवाड़ा कर वसीयतनामा बनाकर अपनी मां की सपंत्ति हड़पने का आरोप लगाया है। यह जानाकारी सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए उदयपुर निवासी पीड़िता विभूति शर्मा ने दी। उन्होने बताया कि उनकी मां उमा शर्मा बूंदी में किराए के मकान में रह रही थी, अचानक उनकी तबियत खराब होने पर 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक सामान्य चिकित्सालय में आईसीयू वार्ड भर्ती रही, तबियत में सुधार नहीं होने पर 31 अक्टूबर को उन्हें मेडिकल कॉलेज कोटा के लिए रैफर किया गया।

जहां इलाज के दौरान 16 नवम्बर को उनकी मौत हो गई। विभूति शर्मा ने आरोप लगाया कि इसी दौरान उनके मामा बुद्धिप्रकाश शर्मा व अन्य ने उनकी मां के मरणासन्न अवस्था में भर्ती रहने के दौरान मिलीभगत कर उनकी मां के नाम की एक फर्जी वसीयत तैयार करवा ली। साथ ही उनकी मां की मृत्यु से पूर्व उनके पास मौजूद सोने-चांदी के जेवरात व अन्य कागजात उनकी मां के मकान में रखी अलमारी को तोड़कर निकाल लिये। पीड़िता विभूति शर्मा का आरोप है कि उनकी मां 31 अक्टूबर से 16 नवम्बर 2024 तक गंभीर स्थिति में मेडिकल कॉलेज कोटा में भर्ती थीं, जबकि उनके नाम की वसीयत के लिए बूंदी की अदालत परिसर से स्टाम्प वेंडर से 100 रूपये का स्टाम्प उनकी मां उमा शर्मा के नाम से खरीद किया गया। और एक नवम्बर 2024 को उनकी मां के नाम से वसीयत बनवाई गई। उनका आरोप है कि जब उनकी मां गंभीर हालत में कोटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती थी, तो फिर उनकी मां स्टाम्प लेने व वसीयत करने के लिए बूंदी अदालत परिसर में आने में पूर्ण असमर्थ होने के बावजूद कैसे उपस्थित हो गई और बिना उनकी उपस्थिति के नोटेरी कैसे हो गई। इस मामले में उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक कोटा रेंज को भी रजिस्टर्ड डाक द्वारा शिकायत भेजकर निष्पक्ष जांच कर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं कोतवाली के एएसआई सत्यनारायणण चौधरी ने बताया कि न्यायालय के परिवाद के इस्तागासे के आधार पर विभूति शर्मा एवं बुद्धिप्रकाश की और से मामला दर्ज कर मामले में अनुसंधान किया जा रहा है।

भगवान जगन्नाथ यात्रा की तर्ज पर निकाली जायेगी भगवान देवनारायण की शोभायात्रा

■ रस्सियों से रथ को खींचेंगे श्रद्धालु, गूंजेंगे भगवान देवनारायण के जयकारे

■ भव्यता के साथ 6 फरवरी को निकाली जाएगी भगवान देवनारायण शोभायात्रा

कोटा, (निसं)। भगवान देवनारायण के 1113वें जन्मदिन के अवसर पर गुर्जर समाज ने 6 फरवरी को शोभायात्रा निकालने का निर्णय किया है। इसके तहत भगवान जगन्नाथ रथयात्रा की तर्ज पर कोटा में भगवान देवनारायण की नगर परिक्रमा करवाई जाएगी। यह नगर परिक्रमा किशोरपुरा भगवान पद्मनाथ के मंदिर से शुरू होगी और गणेश नगर स्थित भगवान देवनारायण के बड़े मंदिर तक पहुंचेगी। पूर्व सरपंच और आयोजन समिति का संरक्षक रामलाल गुंजल ने बताया कि केशोरायपाटन में स्टील का करीब 8 फीट लंबा और करीब 5 फीट चौड़ा रथ तैयार करवाया है। इसे रस्सियों के जरिए ही समाज के बुजुर्ग, युवक, बच्चे और महिलाएं खींचेंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अन्य समाज के लोग भी आयोजन में भाग ले सकते हैं और भगवान देवनारायण का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। आयोजन समिति के संरक्षक रामलाल गुंजल ने बताया कि इस बार नये तरह से शोभायात्रा को भव्य रूप दिया जा रहा है, जिससे समाजबंधुओं में भारी उत्साह का माहौल है। गुंजल ने बताया कि शोभायात्रा समिति द्वारा 6 फरवरी को सुबह 9.30 किशोरपुरा स्थित पदमनाथ मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद किशोरपुरा से रवाना होगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष जोधराज गुर्जर एवं संयोजक देवराज गुर्जर ने बताया कि शोभायात्रा किशोरपुरा से रवाना होकर दशहरा मैदान, सीएडी चौराहा, जवाहर नगर पेट्रोल पंप के सामने, केशवपुरा चौराहा महावीर नगर, रंगबाड़ी सर्किल, रामचरण सर्किल होते हुए गणेश नगर स्थित देवनारायण भगवान मंदिर पर पहुंचेगी। आयोजक मंडल सदस्य ने बताया कि शोभायात्रा पहुंचने के बाद समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि कोटा उत्तर के पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल, अध्यक्षता खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर करेंगे। कार्यक्रम में पिछले डेढ़ माह से इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। संरक्षक रामलाल गुंजल ने बताया कि शोभायात्रा से पूर्व बोली लगाई जाएगी। जिसमें सफल बोलीदाता को भगवान के रथ के साथ बैठकर भगवान की पूजा-अर्चना करने और चंवर ढुलाने का सौभाग्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के प्रारंभ में महिला संगठनों द्वारा भगवान पदमनाथ जी को चांदी का मुकुट धारण कराया जाएगा। इसके अलावा दोपहर 3 बजे रंगबाड़ी तेजाजी मंदिर रंगबाड़ी से भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी।

जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी। आयोजन समिति के सदस्य शिवराज गुंजल ने बताया कि शोभायात्रा में भगवान देवनारायण की जीवंत झांकी, साडूमाता, राम दरबार, शिव परिवार, माताजी, बाग जी बगड़ावत की झांकी रहेगी। इसके अलावा दो अलग-अलग ट्रोलों पर गुर्जरों के परंपरागत गीत घोठा गायन एवं दूसरे में देवनारायण भगवान के भजन गूंजेंगे। जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार मदन फामड़ा, देवा दसलाना, हनुमान गुर्जर भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। वहीं पांच बग्गियां पर भगवान पदमनाथ जी सहित अन्य झांकियां शामिल होंगी। इसके अलावा 25 घोड़ियों द्वारा घोड़ी नृत्य भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

हार्टवाइज वॉक-ओ-रन हेल्थ किट लॉन्च, हेल्थ कार्निवल 7 से

■ कोटा में तीन दिवसीय सेहत के महाकुंभ में शामिल होंगे देशभर के धावक

■ कोटा केयर्स के लिए हजारों शहरवासी लेंगे शपथ

कोटा, (निसं)। हार्टवाईज सोसायटी की ओर से कोटा में 7 से 9 फरवरी को होने जा रहे देश के सबसे बड़े हेल्थ इवेंट सेहत के महाकुंभ वॉक-ओ-रन की किट लॉंचिंग सोमवार को पुरुषार्थ भवन में की गई। इस अवसर पर टीम हार्टवाईज और इवेंट के प्रायोजक मौजूद रहे। हार्टवाईज एलन वॉक-ओ-रन पावर्ड बाय हरमीत हुडंई है। टीम हार्टवाइज के संयोजक डॉ. साकेत गोयल ने बताया कि वॉक'-ओ-रन के लिए शहर ही नहीं वरन देशवासियों में उत्साह देखने को मिला है।

कोटा में वॉक ओ रन की टी-शर्ट का वितरण किया गया।

देश के अलग-अलग क्षेत्रों से लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है, जो धायक कोटा नहीं आ पा रहे हैं, उन्होंने वर्चुअल वॉक-ओ-रन में रजिस्ट्रेशन करवाया है। वॉक-ओ-रन और हेल्थ कार्निवल में एंट्री निशुल्क है। हेल्थ कार्निवल 7 व 8 फरवरी को उम्मेद सिंह स्टेडियम नयापुरा में होगा। 9 फरवरी को 21 किमी रन सुबह 5.30 बजे शुरू होगी। इसके बाद 10 किमी और फिर कोटा केयर्स रन होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। आयोजन के तहत 25 लाख के पुरस्कार दिए जाएंगे। हार्टवाइज टीम के सदस्य सुमित अग्रवाल व रजत अजमेरा ने बताया कि कोटा शहर में पहली बार सनराइज कॉन्सर्ट भी होगा।

देश के प्रसिद्ध डीजे/प्रोड्यूसर जोड़ी, प्रोजेक्ट 91 (सुनील और अनिल सिंदगी), जो सन एण्ड एबीएस नाम से भी जाने जाते हैं, एक ज़बरदस्त म्यूजिकल परफोरमेंस पहली बार कोटा में देंगे। ये वॉक ओ रन के अनुभव को यादगार बनाएंगे। टीम हार्टवाइज के सदस्य कपिल जैन व राहुल सेठी ने बताया कि वॉक ओ रन के रूट को एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एण्ड डिस्टेंस रेसेस (एम्स) का एक्रीडिएशन मिला है। नेशनल व इंटरनेशनल मैराथन के रूट को सर्टिफाईड करने वाली संस्था एम्स ने वॉक ओ रन के रूट को सर्टिफाइड किया है।

आम सूचना

मेरे पक्षकार आईसीआईसीआई हाउसिंग फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड, एरोड्राम सर्किल झालावाड़ रोड कोटा की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती लीला पत्नी श्री जगदीश दोई निवासी वार्ड नं. 5 झालावाड़ तहसील झालरापाटन जिला झालावाड़ (राज.) ने अपने स्वामित्व के मकान नम्बर 1-ए-12 इन्द्रा नगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी झालावाड़ (राज.) को मोरगेज रख मेरे पक्षकार के यहां से ऋण लिया जा रहा है। उक्त मकान की परप्युअचल लीज डीड एवं कन्वेन्स डीड जिनका पंजीयन कार्यालय उप पंजीयक झालावाड़ के यहां पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 52 पृष्ठ संख्या 88, 89 क्रम संख्या 104, 105 पर दिनांक 04.03.1995 को हो रहा है। उक्त दस्तावेज असल पूर्व में गुम हो चुके है जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले है। उक्त मकान या दस्तावेज बाबत किसी भी व्यक्ति, बैंक या संस्था या अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार की आपत्ति या आक्षेप हो तो निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता को अंदर मियाद 07 दिवस में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधि अनुसार शून्य मानी जावेगी।

दिनांक: 03.02.2025

भवदीय
राजेन्द्र सिंह एडवोकेट
386 माला रोड कोटा जं.

कार्यालय नगर पालिका भवानी मंडी जिला झालावाड़ (राज.)

क्रमांकः- न.पा.भ./सामान्य/3697 —: आम सूचना :— दिनांक 29.01.2025

नगर पालिका भवानी मंडी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (SWM) नियम, 2016 के तहत कचरे का पृथक्करण न करने, गंदगी फैलाने और नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की घोषणा की है। स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, मौके पर ही जुर्माना और दंड लागू किए जाएंगे। प्रत्येक नागरिक, दुकान, और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करना अनिवार्य है। सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने पर सख्त प्रतिबंध है। नियमों का पालन न करने वालों पर मौके पर ही 100रू0 जुर्माना लगाया जाएगा।

नगर पालिका सबसे अपील करती है कि घरों और कार्यालयों में कचरे का उचित पृथक्करण करें और इसे नगर पालिका की कचरा गाड़ी में तथा कचरा पात्र पर ही डाले। दुकानदार और विक्रेता सुनिश्चित करें कि दुकान पर गीले और सूखे कचरे के लिए अलग डिब्बे रखे जाए। कूड़ा फैलाने से बचें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। उल्लंघनकर्ताओं पर 100रू0 तुरंत जुर्माना लगाया जाएगा।

राज.संवाद/सी/24/11153 अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांकः-LU2012/KOT/2024-25/100879 लोक सूचना दिनांकः-03.02.2025

श्री BRAHAMANAND पुत्र श्री M/S LAXMINARYAN जाति MEENA निवासी AYURVEDIK HOSPITAL KE PASS BADGANV KOTA, श्रीM/S VRB DEVELOPERS LLP THROUGH BHUPERNDAR JHURIA पुत्र श्री MAHENDRA SINGH जाति JAT निवासी GRAM-PALRI, TEH. BHADRA, PALRI BHADI HANUMANGARH, श्रीमती MANOHAR BAI पत्नी श्री RAMVILAS MEENA जाति MEENA निवासी KUNHADI KOTA, 803 MUKTI MARG SULABH COMPLEX KE PASS, GIRDHARPURA KOTA ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	नान्दना उर्फ बड़गांव लाडपुरा (कोटा)	1. UCHAVLAL S/O GHANSI 2. NAND KISHORE S/O GHANSI 3. NARESH S/O BADRI LAL, 4. PREM BAI D/O GHANSI 5. RAM MURTI W/O LATE SH. BADRI LAL 6. LAXMI NARAYAN S/O GHANSI 7. LEKHRAJ S/O BADRI LAL	595	3600	0.36
2.	नान्दना उर्फ बड़गांव लाडपुरा (कोटा)	MANOHAR BAI W/O RAM VILAS CASTE MEENA NIWASI KUNHADI KHATEDAR	1203/595	1600	0.16
3.	नान्दना उर्फ बड़गांव लाडपुरा (कोटा)	MANOHAR BAI W/O RAM VILAS CASTE MEENA NIWASI KUNHADI KHATEDAR	590	2000	0.2
4.	नान्दना उर्फ बड़गांव लाडपुरा (कोटा)	M/S VRB DEVELOPERS LLP THROUGH BHUPERNDRA JHURIA S/O MAHENDRA SINGH BHU TAL PLOT NO. A1 SCHEME NO 11 ASHIV SHANKAR COLONY MANSAROVER METRO STATION NEW SANGANER ROAD MANSAROVER JAIPUR	588	4400	0.44
5.	नान्दना उर्फ बड़गांव लाडपुरा (कोटा)	M/S VRB DEVELOPERS LLP THROUGH BHUPERNDRA JHURIA S/O MAHENDRA SINGH GRAM-PALRI, TEH. BHADRA, PALRI BHADI HANUMANGARH	596	3100	0.31
				कुल	1.47

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के आभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 03.02.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-1872 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांकः-30.1.25

नगर विकास न्यास कोटा की विनोबा भावे नगर "निर्धन को आंगन" योजना के भूखंड/आवास संख्या 380 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 20.04.2010 को श्री नीरज गुप्ता पुत्र श्री किशन चंद गुप्ता को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती कविता पारेता पत्नी श्री बबलू पारेता द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 04.09.2024 को श्री सुरेश चन्द्र पारेता पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण पारेता को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 380 योजना "निर्धन को आंगन" का नाम हस्तान्तरण श्री सुरेश चन्द्र पारेता पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण पारेता के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4803 जाहिर आम सूचना दिनांक - 31.1.25

आवास संख्या एम.एन.सी.पी.-22 कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री सतेन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ पुत्र श्री केदार नाथ कुलश्रेष्ठ को किया गया था। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री सतेन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ पुत्र श्री केदार नाथ कुलश्रेष्ठ की मृत्यु दिनांक 24.04.2015 को एवं इनकी पत्नी श्रीमती प्रेमलता कुलश्रेष्ठ की मृत्यु दिनांक 20.04.2021 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु हो जाने के पश्चात इनके वारिसानों में श्रीमती अर्चना कुलश्रेष्ठ पुत्री स्व. श्री सत्येन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ, अंजना कुलश्रेष्ठ पुत्री श्री सत्येन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ, निधि कुलश्रेष्ठ पुत्री श्री सत्येन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ द्वारा दिनांक 10.09.2024 को जरिये घोषणा पत्र आलेखित कर श्री अमित कुलश्रेष्ठ एवं श्री आशीष कुलश्रेष्ठ पिसरान श्री सत्येन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ के पक्ष में हक त्याग किया गया। श्री अमित कुलश्रेष्ठ एवं श्री आशीष कुलश्रेष्ठ पिसरान श्री सत्येन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या एम.एन.सी.पी.-22 कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर संयुक्त रुप से करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री अमित कुलश्र